प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एवं आवश्यकता

परियोजना का नामः-- जनपद अल्मोड़ा के अंतर्गत वि0स0 क्षेत्र जागेश्वर में सत्यों से जिफल्टा--नैड़ी तक मोटर मार्ग का नव निर्माण। (लम्बाई 6.00 किमी0)

उक्त मो0मार्ग के निर्माण की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शा0सं0–815/111(2)/14–57 (प्रा0आ0)/2013 दिनांक 08/02/2014 द्वारा किमी0 6.00 लम्बाई हेतु **रू0 48.71 लाख** की अनुमोदित वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है।

प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण होने से निम्नलिखित ग्रामों की जनसंख्या लाभान्वित होगी।

क0सं0	ग्राम का नाम	लाभान्वित होने वाली जनसंख्या	परिवारों की संख्या
1	जिटल्टा	108	30
2	सत्यों	610	120
योग		**718**	**150**

यह समरेखन पटवारी राजस्व विभाग की चौकी से 100मी0 दूरी पर आरम्भ होता है तथा सत्यों से भगली होते हुए जिफल्टा गांव से लगभग 400मी0 की दूरी पर समाप्त होता है। इस मोटर मार्ग की लम्बाई 6.00 किमी0 आती है। इस समरेखन में ग्रामवासियों की सहमति प्राप्त है। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण में 4.32 है0 वन भूमि प्रभावित होती है। उक्त प्रयोजनार्थ यह वन भूमि न्यूनतम वनभूमि है। मोटर मार्ग का भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का गठन 6.00 किमी0 ल0 तथा 9मी0 चौड़ाई में किया गया है। उक्त वन भूमि में मोटर मार्ग का निर्माण करने से पूर्व यह वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित किया जा रहा है।

मोटर मार्ग के बन जाने से क्षेत्र का समुचित विकास हो सकेगा एवं ग्रामवासियों को यातायात/काश्तकारों को दैनिक व सामाजिक जीवन का लाभ हो सकेगा। जिसका वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव वन संरक्षण अधिनियंम 1980 के तहत तथा पूर्व स्वीकृति हेतु गठित किया जा रहा है। अतः प्रस्तावित वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण कर दिया जाय।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0विभाग
अल्मोड़ा

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0विभाग
अल्मोड़ा